बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या 49/2014 के अन्तर्गत बिहार राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों में **संस्कृत** विषय में सहायक प्राचार्य के पदों पर नियुक्ति हेतु अर्हित उम्मीदवारों में से नियमानुसार आरक्षण कोटिवार एवं मेधाक्रमानुसार चयनित उम्मीदवारों का साक्षात्कार कार्यक्रम तथा मेधा कट–ऑफ अधिभार अंक आयोग के वेबसाईट पर अपलोड कर दिया गया है। साक्षात्कार दिनांक–10.07.2018 से 14.07.2018 तक निर्धारित है।

वैसे अभ्यर्थी जिन्हें उक्त कट–ऑफ के समतुल्य अथवा उससे अधिक अंक होने का दावा हो तथा जिन्हें साक्षात्कार के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है, से अपनी अधिभार अंकों की गणना तालिका के साथ अपना आपत्ति अभ्यावेदन मात्र e-mail: bpscpat-bih@nic.in से दिनांक– 06.07.2018 तक भेज सकते हैं। दिनांक– 06.07.2018 के बाद प्राप्त आपत्ति अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

जिन अभ्यर्थियों के द्वारा Ph.D/M.Phil With UGC Regulation 2009 का दावा किया गया है, उन्हें विशेष रूप से निर्देश दिया जाता है कि साक्षात्कार की तिथि को वे अपने–अपने विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार के हस्ताक्षर से निर्गत UGC Regulation 2009 के अन्तर्गत Ph.D/M.Phil का प्रमाण पत्र, **Ph.D./M.Phil के निबंधन की तिथि एवं संख्या से संबंधित प्रमाण पत्र।** Pre Ph.D/Course Work का अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र तथा Ph.D/M.Phil कितने और किन–किन Criteria से उत्तीर्ण है, से सम्बंधित प्रमाण पत्र समर्पित करेंगे। उक्त प्रमाण पत्र समर्पित नहीं करने वाले अभ्यर्थी के Ph.D/ M.Phil प्रमाण पत्र को Without UGC Regulation 2009 माना जाएगा।

साक्षात्कार प्रारम्भ होने की तिथि के एक सप्ताह पूर्व से आयोग के वेबसाईट **www.bpsc.bih.nic.in** पर साक्षात्कार पत्र उपलब्ध रहेगा जिसे अपना अनुक्रमांक डालकर डाउनलोड किया जा सकता है। किसी उम्मीदवार को साक्षात्कार पत्र डाक से नहीं भेजा जाएगा।

यह भी स्पष्ट किया जाता है कि साक्षात्कार के लिए आमंत्रित सभी अभ्यर्थियों की अर्हता पूर्णतः औपबंधिक है। उनकी अर्हता पर यथासमय समीक्षा कर यथोचित निर्णय लेने हेतु आयोग स्वतंत्र रहेगा।

4.7.18

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना